# रॉची विश्वविद्यालय,
# रॉची

पत्रांक आर.यू. /आर./ 7874 /25

दिनांक 04.08.2025

सेवा में

सभी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्याल विभाग
सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य
अंगीभूत महाविद्यालय
सभी प्रधानाचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय
रॉची विश्वविद्यालय

विषयः श्री शिबू सोरेन, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड–सह–राज्य सभा सांसद के निधन पर राजकीय शोक मनाये जाने एवं दो दिनों तक कार्यालय बन्द रखने के संबंध में।

महाशय,

दुख के साथ सूचित करना है कि श्री शिबू सोरेन, माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड–सह–राज्य सभा सांसद का निधन दिनांक 04.08.2025 को प्रातः गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली में हो गया है। दिवंगत माननीय पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड–सह–राज्य सभा सांसद के सम्मान में राज्य सरकार के पत्रांक 833 दिनांक 04.08.2025 के अनुपालन में 03 दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है एवं जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। साथ ही दिनांक 04.08.2025 एवं 05.08.2025 को सभी कार्यालय बन्द रहेंगे।

अतः उक्त के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि रॉची विश्वविद्यालय अन्तर्गत मुख्यालय, सभी विश्वविद्यालय विभाग, सभी अंगीभूत महाविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय दिनांक 04.08.2025 एवं 05.08.2025 को बन्द रहेंगे। उक्त तिथियों को पूर्व निर्धारित सभी परीक्षाएँ स्थगित रहेंगी।

विश्वासभाजन

04/8/2025

कुलसचिव
रॉवी विश्वविद्यालय, रॉची